वीर अर्जुन (Veer Arjun)

दिनाँक (Dated): 13.11.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 08	क्रम सं0(Serial No.) 17

सरकार ने सीआईएसएफ में पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी

नई दिल्ली, (विप्र)। केंद्र सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों, हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस इकाई का गठन बल की स्वीकृत पदों में से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह एक मंजूरी आदेश जारी किया, जिसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1,025 कर्मियों के साथ विशेष महिला रिजर्व इकाई को मंजूरी दी गई। बल में महिला कर्मियों की संख्या सात प्रतिशत से अधिक है। बल में कर्मियों की वर्तमान संख्या लगभग 1.80 लाख है। बल के प्रवक्ता ने बताया कि नई रिजर्व बटालियन की तैनाती के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया, यह प्रशिक्षण विशेष रूप से एक विशिष्ट बटालियन तैयार करने के लिए शुरू किया जा रहा है। यह इकाई वीआईपी सुरक्षा के साथ-साथ हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो आदि की सुरक्षा में कमांडो के रूप में बहुविध भूमिका निभाने में सक्षम होगी।